आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

08.10.2023 समय : 1850

- भारतीय वायुसेना ने आज प्रयागराज में आयोजित वर्षगांठ समारोह में अपने नए ध्वज का अनावरण किया।

- अंडमान निकोबार कमान के तेईसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज आई एन एस उत्क्रोश में परेड का आयोजन किया गया।

- कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि द्वीपसमूह की सुरक्षा और राष्ट्र हितों की रक्षा में कमान की भूमिका प्रमुख है–समय के साथ कमान ने अपनी संचालन क्षमताओं में वृद्धि की है।

- एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि कमान ने अपनी अलग–अलग इकाईयों के बीच समन्वय स्थापित कर देश में साझा सैन्य संचालन का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है।

<><><><><><><>

भारतीय वायुसेना आज अपनी इक्यानवे–वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर बमरौली वायु सेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन किया गया। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड की सलामी ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान भी समारोह में उपस्थित रहे। वायुसेना प्रमुख ने परेड में वायुसेना के नए ध्वज का अनावरण किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वायुसेना की शक्ति, शांति और युद्ध काल–दोनों में उपयोगी होती है। इसके लिए हमें नई तकनीकों को अपनाते रहना होगा ताकि हम उभरती चुनौतियों का मुकाबला कर सकें। इस वर्ष के वायुसेना दिवस का विषय है–भारतीय वायुसेना–वैश्विक हवाईशक्ति। इस वर्ष वायुसेना ने मित्र देशों के साथ आठ अभ्यासों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वायुसेना में पुरुष और महिला अग्निवीरों के पहले बैच को शामिल किया गया है। वायुसेना दिवस पर परेड का नेतृत्व, पहली बार, किसी महिला अधिकारी अर्थात ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी ने किया। इसके बाद प्रयागराज में एयर शो आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के तेईसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज आई एन एस उत्क्रोश में परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमांडर– इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस परेड में सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक की टुकड़ियों के अलावा पाईप बैंड ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थिति को संबोधित करते हुए कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि द्वीपसमूह की सुरक्षा और राष्ट्र हितों की रक्षा में कमान की प्रमुख भूमिका है। समय के साथ कमान ने अपनी संचालन क्षमताओं में वृद्धि की है। हाल ही में रेट्रो फिट जेट्टी और एल आर एम आर हैंगर का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि कमान ने आठ सौ छत्तीस द्वीपों की निगरानी के पहले चरण को पूरा कर लिया है।

उन्होंने कहा कि कमान की ओर से जन कल्याण के कई कार्य किए जा रहे है। इनमें सुदूर द्वीपों में चिकित्सा शिविर लगाना, अंगदान की मुहीम आदि शामिल है। कमान ने नौ गांवों को भी गोद लिया है।

एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने कहा कि बदलते वक्त के साथ युद्ध कौशल में भी बदलाव आ रहा है और हमें भविष्य की चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमान की एकता ही इसकी ताकत है।

उन्होंने कहा कि इस एकीकृत कमान ने अपनी अलग–अलग इकाईयों के बीच समन्वय स्थापित कर देश में साझा सैन्य संचालन का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि हम देश के रक्षक है और अपने मूल्यो तथा आदर्शों के साथ हमें समर्पित भाव से देश सेवा करते रहना है। हमारे आज के कार्य आने वाली पीढ़ी के भविष्य को आकार देने का काम करेंगे। उन्होंने सैन्य कर्मियों को अपनी सेवा के प्रति उनके अनुशासन और प्रतिबद्धता की याद दिलाई।

इस अवसर पर कमांडर–इन–चीफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाईयों को भी सम्मानित किया। कमांडर–इन–चीफ ने संकल्प स्मारक पर जाकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तेईसवें स्थापना दिवस के अवसर पर ब्रिजगंज सैन्य केन्द्र में स्थिति बेयोनेट स्कॉयर पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

<><><><><><>

वन्य जीव सप्ताह मनाए जाने के सिलसिलें में प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी एस अशोक कुमार ने हाल ही में महात्मा गांधी राष्ट्रीय समुद्री उद्यान के अंतर्गत रेड स्किन आईलैंड में प्राकृतिक पथ का उद्‌घाटन किया। पारी पर्यटन को बढ़ावा देने वाले इस पथ की लम्बाई एक दशमलव चार किलोमीटर है, जो इस द्वीप से होकर गुज़रता है। इस पथ पर पर्यटकों के लिए बैन्च, साईन बोर्ड और इको हट बनाई गई ह।

<><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों और इससे जुड़ी कानून व्यवस्था को लेकर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्यारह अक्तूबर को बैठक बुलाई गई है। इस सिलसिले में पोर्ट ब्लेयर और फरारगंज तहसील की सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष या सचिवों को इस बैठक में शामिल होने को कहा गया है। बैठक ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सभागार में शाम पांच बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने मैमियो क्षेत्र में एक गाड़ी से ले जाए जा रहे एक सौ सतहत्तर किलों हिरण के मांस को ज़ब्त किया है। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर हाल ही में वन्डूर क्षेत्र के आसपास निगरानी की जा रही थी। इस दौरान हम्फ्रीगंज पुलिस को मैमियों कॉसिंग से गुज़रती एक संदिग्ध कार का पता लगा। गाड़ी की तलाशी लेने पर चार प्लास्टिक के बैंगों में रखा हिरण का मांस बरामद किया गया। इस मामले में गाराचरामा निवासी पी शशि कुमार की पहचान की गई है। बरामद किए गए मांस को ज़ब्त कर संदिग्ध से पूछताछ की गई। आगे का कार्रवाई के लिए मांस के साथ आरोपी को वन विभाग के हवाले कर दिया गया है।

<><><><><><>